उत्तर प्रदेश शासन

राजस्व अनुभाग-1

संख्या- 06/1894/एक-1-2018-1(40)/2016

लखनऊ: दिनॉक: 30 अगस्त, 2018

अधिसूचना

जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर के पत्र संख्या-8817/सात-भूलेख, दिनांक-14/01/2016 तथा आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद के पत्र संख्या-1309/9-205/2014 टी0सी0 दिनांक-05/09/2016 द्वारा जनपद- मुजफ्फरनगर के तहसील जानसठ के राजस्व ग्राम शुक्रताल खादर का नाम परिवर्तित कर शुकतीर्थ खादर एवं शुक्रताल बांगर का नाम परिवर्तित कर शुकतीर्थ बांगर किये जाने की संस्तुति की गयी है। भूमि प्रबंधक समिति द्वारा उक्त राजस्व ग्रामों के नाम परिवर्तित किये जाने का प्रस्ताव किया है।

2. भारत सरकार के पत्र संख्या-11/7/2017-एम. एण्ड जी., दिनांक-04/08/2017 द्वारा जनपद- मुजफ्फरनगर के तहसील जानसठ के राजस्व ग्राम शुक्रताल खादर का नाम परिवर्तित कर शुकतीर्थ खादर एवं शुक्रताल बांगर का नाम परिवर्तित कर शुकतीर्थ बांगर किये जाने पर अनापत्ति प्रदान कर दी गयी है।

3. अतएव गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-130/53-पब्लिक दिनांक-11/09/1953 एवं पत्र संख्या-11/7/2017-एम. एण्ड जी., दिनांक-04/08/2017 के क्रम में, श्री राज्यपाल इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से उक्त राजस्व ग्राम शुक्रताल खादर व शुक्रताल बांगर का नाम नीचे वर्णित अनुसूची के अनुसार परिवर्तित किये जाने का सहर्ष अनुमति प्रदान करते है।

4. श्री राज्यपाल अग्रतर यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात का प्रभाव किसी विधि न्यायालय, जो उक्त राजस्व ग्राम के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग करता रहा है, में पहले ही प्रारम्भ की गयी या लंबित किसी विधिक कार्यवाही पर नहीं पड़ेगा।

अनुसूची

क्र0 सं0	**राजस्व ग्राम का विद्यमान नाम**	**राजस्व ग्राम का नया नाम**
1.	शुक्रताल खादर	शुकतीर्थ खादर
2.	शुक्रताल बांगर	शुकतीर्थ बांगर

आज्ञा से,

shashnadesh.up.nic.in

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव

Uttar Pradesh Shasan
Rajaswa Anubhag-1

The Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1894/I-1-2016-1(40)/2016 dated 30 August, 2018 for general information.

Notification
No.1894 I-1-2016-1(40)/2016
Lucknow: Dated 30 August , 2018

Whereas it has been proposed by District Magistrate, Muzaffernagar letter no. 8817/Seven-Bhulekh, dated 14-01-2016 and recommended by Commissioner and Secretary of Board of Revenue letter no. 1309/9-205/2014 T.C. dated 05-09-2016 to change the name of revenue village Shukratal Khadar to Shuktirth Khadar and revenue village Shukratal Bangar to Shuktirth Bangar. The Land Management Committee has also passed the proposal to rename the said revenue villages.

2. And Whereas the Government of India has given the No Objection Certificate in respect of the changing the name of revenue village Shukratal Khadar to Shuktirth Khadar and revenue village Shukratal Bangar to Shuktirth Bangar of Tehsil-Jansath, District-Muzaffernagar in their letter no. 11/7/2017-M&G, dated 04-08-2017, the Governor is pleased to change the name of the said revenue village "Shukratal Khadar" and " Shukratal Bangar" with effect from the date of publiction of this notification in the Gazette as mentioned in the Schedule below.

4. The Governor is further pleased to direct that nothing in this notification shall effect any legal proceeding already commenced or pending in any court of law which has hitherto exercised jurisdiction in respect of the revenue village.

SCHEDULE

SL. No.	Present name of the revenue village	Changed name of the revenue village
1.	Shukratal Bangar	Shuktirth Bangar
2.	Shukratal Khadar	Shuktirth Khadar

By order,

shashanadesh.up.nic.in

(Renuka Kumar)
Apar Mukhya Sachiv

shashnadesh.up.nic.in